



# 'पुरानी टीम – नया भरोसा'

## मुंबई इंडियंस ने मेगा नीलामी में पुरानी ताकत बरकरार रखी

**नई दिल्ली, 28 नवंबर डब्लूपीएल 2026 की मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस ने सबसे स्पष्ट और निर्णायक रणनीति दिखाते हुए 2025 की अपनी विजेता टीम के अधिकांश खिलाड़ियों को फिर से साथ जोड़ लिया।**

यह कदम न सिर्फ उनकी स्थिरता को दर्शाता है, बल्कि उस विश्वास को भी मजबूत करता है जिसने टीम को पिछले सीजन में

- नीता अंबानी और हरमनप्रीत कौर ने टीम की रणनीति पर जताया भरोसा
- अमेलिया केर, शबनिम इस्माइल, साईका इशाक, सजाना, संस्कृति की वापसी




खिताब दिलाया था। टीम की मालिक नीता एम. अंबानी ने नीलामी के तुरंत बाद कहा कि उनका लक्ष्य था— 'जिस टीम ने हमें जीत दिलाई, उसी के कोर को फिर से एक साथ लाना।' उनकी मुस्कान और बयान दोनों ने बता दिया कि मुंबई इंडियंस अपनी पुरानी सफलता को नए सिरे से दोहराने के लिए तैयार है।हरमनप्रीत का भावनात्मक कनेक्शन कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीकार किया कि नीलामी हमेशा दबाव लाती है। उन्होंने कहा कि टीम की योजना, नीता अंबानी का सपोर्ट और पुराने चेहरों पर भरोसा उन्हें नई ऊर्जा देता है। यह टीम के अंदर की एकजुटता को दर्शाता है। अनुभवी सितारों के साथ उभरती प्रतिभाएँ मुंबई ने इस बार विदेशी खिलाड़ियों निकोला केरी और मिली इलिंगवर्थ को जोड़ा। साथ ही भारतीय युवा सितारे नल्ला क्रांति रेड्डी, त्रिवेणी वशिष्ठ और रहीला फिरदौस को मौका दिया गया। अनुभवी और नई प्रतिभा का यह मेल टीम को और संतुलित बनाता है।

### नई ऊर्जा और पुराना अनुभव ही हमारा सबसे बड़ा हथियार बनेगा



नीता अंबानी ने कहा कि उन्हें अमेलिया केर की टीम में वापसी से विशेष खुशी है। केर का अनुभव, उनका हरफनमौला खेल और टीम के कठिन हालात में प्रदर्शन उन्हें मुंबई के लिए जरूरी खिलाड़ी बनाता है। इसके अलावा नीता अंबानी ने अपनी 'चार S'–शबनिम, साईका, सजाना और संस्कृति–की वापसी को टीम की मजबूती का अहम हिस्सा बताया। इन खिलाड़ियों ने पिछले सीजन में अलग-अलग मोर्चों पर योगदान दिया था–किसी ने तेज गेंदबाजी में असर दिखाया, किसी ने स्पिन में और किसी ने फील्डिंग और टीम बैलेंस में। इतना ही नहीं, मुंबई ने युवा प्रतिभाओं पर भी भरोसा जताया। नल्ला क्रांति रेड्डी, त्रिवेणी वशिष्ठ और रहीला फिरदौस को टीम में शामिल किया गया है। ये खिलाड़ी भले ही अनुभव में नए हों, लेकिन घरेलू क्रिकेट में इनका प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है। मुंबई इंडियंस हमेशा से युवा खिलाड़ियों को मौका देने के लिए जानी जाती है और इस नीलामी में भी उनकी यह सोच साफ दिखी। नीता अंबानी ने कहा कि 'नई ऊर्जा और पुराना अनुभव–इन्हें मिलाकर टीम का संतुलन ही हमारा सबसे बड़ा हथियार बनेगा।'



## ऑस्ट्रेलिया टीम से कमिंस फिर बाहर

**ब्रिस्बेन, 28 नवंबर** ऑस्ट्रेलियाई सिलेक्टर्स ने गाबा में होने वाले दूसरे एशेज टेस्ट के लिए 14 सदस्यों वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया है, क्योंकि कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट से उबर रहे हैं और गुरुवार से शुरू होने वाले डे-नाइट मैच से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक, कमिंस, जो कमर में खिंचाव के कारण पर्थ में पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की आठ विकेट से जीत में नहीं खेल पाए थे, उन्हें पूरी तरह फिट होने के लिए दो और हफ्ते का समय दिया गया है। कमिंस ने शुक्रवार को एससीजी में कड़ी ट्रेनिंग की, मंगलवार को एनएसडब्ल्यू के क्रिकेट सेंट्रल हेडक्वार्टर में इसी तरह का सेशन करने के बाद स्टीव स्मिथ को पिंक बॉल से एक घंटे से ज्यादा समय तक पूरी स्पीड से बॉलिंग की। इस फैसले से क्वींसलैंड के तेज गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट के लिए XI में अपनी जगह बनाए रखने का रास्ता साफ हो गया है, जिन्होंने पर्थ में शानदार डेब्यू किया था, जहां उन्होंने पांच विकेट लिए थे और ऑस्ट्रेलिया को 1-0 की बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# दिल्ली ने तमिलनाडु को छह विकेट से हराया

## यश ढुल और बदोनी की तूफानी पारी ने 199 रन का लक्ष्य आसान बनाया

**अहमदाबाद, 28 नवंबर** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में शुक्रवार को दिल्ली ने तमिलनाडु को छह विकेट से हरा दिया,

दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी, पर तमिलनाडु की सलामी जोड़ी ने उनके फैसले को शुरुआती ओवरों में गलत साबित किया। अमित सात्विक और तुषार रहेजा ने सधी हुई शुरुआत की और दिल्ली के तेज गेंदबाजों को पावरप्ले में हावी होने का कोई मौका नहीं दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 115 रन जोड़कर मजबूत नींव रखी। इस साझेदारी

- दिल्ली के गेंदबाजों ने मध्य ओवरों में मैच पलटा



में तमिलनाडु ने रनगति भी बढ़ाई और लगातार बाउंड्री लगाते हुए दिल्ली के कप्तान नीतीश राणा को चिंता में डाल दिया। सात्विक ने 40 गेंदों में 54 रन बनाते हुए आठ चौके और एक छक्का लगाया। उनका बल्ला बेखौफ दिखा, पर 12वें ओवर में प्रिंस यादव की गेंद पर उनका विकेट गिरा और यहीं से दिल्ली ने मैच में वापसी का रास्ता तलाशना शुरू किया। रहेजा ने दूसरी ओर शानदार बल्लेबाजी जारी रखी। उन्होंने 41 गेंदों में 72 रन बनाते हुए सात चौके और तीन छक्के जमाए और दिखाया कि वह क्यों तमिलनाडु की टी20 टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज हैं। पर 15वें ओवर में सुयश शर्मा ने उन्हें आउट कर दिया.16वें से 20वें ओवर के बीच तमिलनाडु की गति उल्लेखनीय रूप से धीमी पड़ गई। दिल्ली के गेंदबाजों ने पांच ओवरों में सिर्फ 33 रन दिए और पांच विकेट चटका डाले। प्रिंस यादव की गेंदबाजी खास रही, जिन्होंने लाइन-लेंथ पर कमाल की पकड़ दिखाते हुए तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए। सिमरजीत ने भी दो विकेट लेकर तमिलनाडु को बड़े स्कोर से रोका। अंत में जगदीशन (13) और कप्तान वरुण चक्रवर्ती (13*) ने योगदान दिया, लेकिन टीम 20 ओवर में 198/7 पर रुक गई.

> 199 रनों का पीछा करते हुए दिल्ली ने जिस स्थिरता से बल्लेबाजी की, वह टीम के आत्मविश्वास का संकेत था। यश ढुल और प्रियांश आर्य ने पावरप्ले में अटैकिंग क्रिकेट खेली। ढुल ने संयम दिखाया, जबकि आर्य ने आक्रामकता। दोनों ने पहले छह ओवर में दबाव तमिलनाडु के गेंदबाजों पर डाल दिया। आर्य ने 15 गेंदों में 35 रन बनाए., छठे ओवर में सोनू यादव ने उन्हें आउट कर तमिलनाडु को राहत दी, पर नुकसान हो चुका था। इसके बाद कप्तान नीतीश राणा ने ढुल का साथ दिया. दिल्ली का दूसरा विकेट 100 रन के आसपास गिरा, पर टीम रन रेट में पीछे नहीं हुई। मुकाबले का टर्निंग पॉइंट तब आया जब यश ढुल ने 46 गेंदों में 71 रन ठोक डाले। 18वें ओवर में उनका विकेट गिरा. पिच पर मौजूद आयुष बदोनी ने 41 रन की पारी खेली. मगर 187 पर उनका विकेट गिरते ही मैच आखिरी दो ओवर में रोमांचक हो गया। दिल्ली को 12 रनों की जरूरत आखिरी ओवर में थी . हिम्मत सिंह ने पहली चार गेंदों पर 11 रन बटोरकर मैच दिल्ली की मुट्ठी में डाल दिया। आखिरी गेंद पर हिम्मत ने छक्का लगाकर स्टाइल में मैच खत्म किया और ड्रेसिंग रूम में रोमांच की लहर दौड़ पड़ी।

### एक नजर में

## भारत दिसंबर में श्रीलंका की मेजबानी करेगा

**मुम्बई.** अगले वर्ष जनवरी में शुरु होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) 2026 से पहले भारत दिसंबर में पांच महिला अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों की मेजबानी करेगा। यह सीरीज 21 से 30 दिसंबर तक खेली जाएगी, इसके पहले दो मैच विशाखापत्तनम में और आखिरी तीन तिरुवनंतपुरम में होंगे। इसके बाद डब्ल्यूपीएल नौ जनवरी से नवी मुंबई में शुरू होगा और फिर दूसरे हाफ के लिए वडोदरा जाएगा, भले ही श्रीलंका का कोई भी खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल की पांचों टीमों में से किसी में भी नहीं है। भारत और बंगलादेश के बीच दिसंबर में भारत में होने वाली सफेद गेंद सीरीज के इस महीने की शुरुआत में स्थगित होने के बाद इस श्रीलंका के साथ टी-20 सीरीज के कार्यक्रम का निर्धारित किया। भारत और श्रीलंका के बीच पांच टी-20 अगले साल इंग्लैंड में 12 जून से खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी के तौर पर काम करेंगे। डब्ल्यूपीएल के बाद भारत की अगली सीरीज फरवरी-मार्च में ऑस्ट्रेलिया का ऑल-फॉर्मेट टूर जायेगा।



## अंडर-19 एशिया कप में आयुष म्हात्रे करेंगे अगुवाई

**मुंबई.** मुंबई के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को 12 दिसंबर से दुबई में होने वाले एसीसी अंडर-19 एशिया कप के लिए भारत अंडर-19 टीम का कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें आक्रामक ओपनर वैभव सूर्यवंशी भी शामिल हैं। विहान मल्होत्रा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। म्हात्रे का हालिया फ़ॉर्म कुछ ख़ास नहीं रहा है। उन्होंने आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अच्छा प्रदर्शन कर प्रभावित किया था, जहां उन्हें चोटिल ऋतुराज गायकवाड़ की जगह टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने सात मैचों में लगभग 189 की स्ट्राइक रेट से 240 रन बनाए। लेकिन उसके बाद से उनके प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही। म्हात्रे ने इंग्लैंड दौरे पर चार एकदिवसीय मैचों में सिर्फ़ 27 रन बनाए, लेकिन दो यूथ टेस्ट में 340 रन बनाकर टॉप-स्कोरर रहे। उसके बाद ऑस्ट्रेलिया में उन्होंने तीन एकदिवसीय मैचों में केवल 10 रन बनाए और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के ख़िलाफ़ यूथ टेस्ट में उनके नाम सिर्फ़ 38 रन रहे।



## डेविड बेकहम भारत में बच्चों से मिले

**मुंबई, 28 नवम्बर** यूनिसेफ गुडविल एम्बेसडर सर डेविड बेकहम इस सप्ताह भारत की यात्रा के दौरान बच्चों और युवाओं से मिले और हर बच्चे के लिए समान अवसर, समावेशन और सशक्तिकरण की अपील की।

सर डेविड बेकहम ने कहा, 'मैं आज मैं जिन बच्चों और युवाओं से मिला, उनके जोश, हिम्मत और जुनून को देखकर मैं बहुत खुश हूँ। वे कम उम्र में ही बदलाव के लिए संघर्ष कर रहे हैं और अपने भविष्य पर अपनी बात रख रहे हैं। वे वास्तव में प्रेरणादायक हैं और कई चुनौतियों को पार कर यहां तक पहुंचे हैं। उनका सफर हमें यह याद दिलाता है कि हमें बच्चों और युवाओं में इन्वेस्ट करते रहना चाहिए।'

# इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम फॉर द ब्लाइंड की सदस्यों का हुआ सम्मान

### मिली 1-1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि



**नयी दिल्ली, 28 नवंबर** पहले टी 20 वर्ल्ड कप फॉर द ब्लाइंड में अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद, इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम फॉर द ब्लाइंड को आज चिंटेल्स सीएसआर विंग, नोरा सोलोमन फाउंडेशन ने गर्मजोशी से सम्मानित किया। अपराजित रहते हुए, इस इवेंट में टीम के शानदार धैर्य, टीमवर्क और लचीलेपन को दिखाया गया।

स्पोर्ट्स के ज़रिए सबको साथ लेकर चलने के अपने कमिटमेंट को दोहराते हुए, चिंटेल्स ग्रुप ने पूरे टूर्नामेंट में टीम इंडिया को अपना सपोर्ट दिया और इंडियन टीम के हर सदस्य को 1.00 लाख रुपये की प्राइज मनी दी। ग्रुप की सीएसआर विंग, नोरा सोलोमन फाउंडेशन एजुकेशन, हेल्थकेयर और सोशल वेलफेयर में पहल करना जारी रखे हुए है। कैप्टन दीपिका टी. सी. की लीडरशिप में भारत की टीम ने नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और यूनाइटेड स्टेट्स वाले छह देशों के टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाया, जिसका फ़ाइनल 23 नवंबर 2025 को कोलंबो में खेला गया। सेरेमनी में , चिंटेल्स ग्रुप के डायरेक्टर और नोरा सोलोमन फ़ाउंडेशन के ट्रस्टी, प्रशांत सोलोमन ने कहा: 'टीम की जीत भारत के लिए गर्व का पल है। इन शानदार एथलीटों ने बेमिसाल जोश और पक्का इरादा दिखाया है, जिससे दिव्यांग लोगों को आगे बढ़ने और अपने सपने और उम्मीदें पूरी करने की हिम्मत मिली है।

# देश को स्पोर्ट्स हब बनाने के लिए हम तैयार हैं

**वलसाड, 28 नवंबर** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को यहां कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रयासों के परिणामस्वरूप कॉमनवेल्थ गेम्स

- गुजरात के सीएम बोले

2030 के भारत में आयोजन को मंजूरी मिली है। उनके मार्गदर्शन में इन गेम्स द्वारा भारत की धरती पर दुनिया का स्वागत करने और देश को स्पोर्ट्स हब बनाने के लिए हम तैयार हैं।

पटेल ने इस ऐतिहासिक सफलता के उत्सव का स्वागत करते हुए कहा कि कॉमनवेल्थ



गेम्स की मेजबानी गुजरात को मिली, जो श्री मोदी के विजन और दूरदर्शिता का परिणाम है। यह हम सभी के लिए गौरव का क्षण है। उनका विजन है कि दुनिया का कोई देश यदि कर सकता है, तो भारत भी कर ही सकता है, इसी विश्वास से आज हम हर क्षेत्र में विश्व के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी ने गेम्स के लिए जो इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है, उसी के कारण आज यह ऐतिहासिक सफलता मिली है। उनके तथा गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के प्रयासों के परिणामस्वरूप कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 के भारत में आयोजन को मंजूरी मिली है। उनके मार्गदर्शन में इन गेम्स द्वारा भारत की धरती पर दुनिया का स्वागत करने और देश को स्पोर्ट्स हब बनाने के लिए हम तैयार हैं।

> गुजरात को कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी मिलने की इस ऐतिहासिक सफलता पर धरमपुर स्थित श्रीमद् राजचंद्र आश्रम में आयोजित 'सामूहिक चिंतन से सामूहिक विकास की ओर' थीम आधारित चिंतन शिविर में राज्य के उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'कॉमनवेल्थ गेम्स को 100 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, ऐसे में उसके नेतृत्व का अवसर गुजरात को प्राप्त हुआ, यह गौरवशाली क्षण है। संघवी ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी ने 20 वर्ष पहले जो परिश्रम किया था, उसका फल आज हमें मिला है। खेल विभाग का टीमवर्क, प्रेजेंटेशन की सफलता के जरिये गुजरात और अहमदाबाद को मेजबानी मिली है, जिसके लिए सभी को अभिनंदन देता हूँ।'



### त्रिकोणीय सीरीज

## चीते छठवां टी-20 छह रन से जीते

**रावलपिंडी 28 नवंबर कामिल मिशारा (76) और कुसल मेंडिस (40) के बाद दुश्मांता चमीरा (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर श्रीलंका ने त्रिकोणीय छठे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को छह रनों से हरा दिया।**

- कामिल मिशारा, कुसल मेंडिस की शानदार बल्लेबाजी
- दुश्मांता चमीरा ने पाक बल्लेबाजी की कमर तोड़ी

185 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के बल्लेबाजों को दुष्मंथा चमीरा के घातक गेंदबाजी के आक्रमण का सामना करना पड़ा और उसने 43 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिये। साहिबजादा फरहान (नौ), बाबर आजम (शून्य), फखर जमान (एक) तथा सैम अयुब 27 रन बनाकर आउट हुये। ऐसे सकंट के समय कप्तान आगा सलमान ने उस्मान खान के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 56 रन जोड़े। 13वें ओवर में वानिंदु हसरंगा ने उस्मान खान 23 गेंदों में 33 रन को आउटकर तोड़ा। मोहम्मद नवाज 16 गेंदों में 27 और फहीम अशरफ सात रन बनाकर आउट हुये। दुश्मांता चमीरा ने शुरुआती शानदार स्पेल के बाद आखिरी ओवर में हिम्मत बनाए रखी। उन्होंने आखिरी ओवर में तीन रन दिए और पाकिस्तान को सात विकेट पर 178 के स्कोर पर रोक कर मुकाबला छह रनों से मुकाबला अपने नाम किया। इससे पहले पाकिस्तान ने गुरुवार रात खेले मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 184 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में पथुम निशंका (आठ) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कुसल मेंडिस ने कामिल मिशारा के साथ पारी को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 66 रन जोड़े। नौवें ओवर में सलमान मिर्जा ने कुसल मेंडिस को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कुसल मेंडिस ने (40) रन बनाये।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी | कंबोज की दो गेंदों पर दो विकेट ने मैच पलटा, निशांत सिंधु ने चौका जड़कर दिलाई जीत

# अंशुल कंबोज के कमाल से सुपर ओवर में हरियाणा की रोमांचक जीत



**हैदराबाद, 28 नवंबर** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप सी में शुक्रवार को खेले गए पंजाब और हरियाणा के मुकाबले ने रोमांच की सारी सीमाएँ लांघ दीं। 20-20 ओवर की दोनों पारियों में स्कोर बराबर रहने के बाद सुपर ओवर में हुआ निर्णायक मुकाबला हरियाणा के तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज के नाम रहा, जिन्होंने दो गेंदों पर दो विकेट लेकर मैच की दिशा ही बदल दी।

इस मुकाबले में हरियाणा ने सुपर ओवर में पंजाब को हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। सिंधु और अंकित का विस्फोटक योगदान हरियाणा के लिए निशांत सिंधु (61) और कप्तान अंकित कुमार (51) ने पारी में दमदार रन जोड़े। दोनों ने शुरुआती झटकों के बाद टीम को 200 के पार पहुंचाया। अनमोलप्रीत-शॉ-कुलकर्णी ने चमक बिखेरी पंजाब के लिए अनमोलप्रीत सिंह ने 37 गेंदों पर 81 रन ठोके, लेकिन जीत नहीं दिला सके। दूसरे मैच में कुलकर्णी और पृथ्वी शॉ की तूफानी पारियों ने महाराष्ट्र को हैदराबाद पर आसान जीत दिलाई। निर्धारित 20 ओवरों में दोनों टीमें 207 रन बनाकर बराबर रहीं। पंजाब को जीत के लिए आखिरी ओवर में 12 रन की जरूरत थी और अनमोलप्रीत के 81 और सनवीर के 30 रन की मदद से उन्होंने मैच को बराबरी तक जरूर पहुंचाया, लेकिन जीत की दहलीज़ पार नहीं कर सके। इसके बाद सुपर ओवर में पंजाब को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा गया, जहाँ अंशुल कंबोज ने अपनी तेज और सटीक गेंदों से कमाल दिखाया। सुपर ओवर की पहली ही गेंद पर उन्होंने पंजाब के सबसे खतरनाक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को आउट किया, जबकि दूसरी गेंद पर सनवीर सिंह भी डक पर चलते बने। दो गेंदों में दो विकेट से पंजाब पूरी तरह बैकफुट पर चला गया। दबाव इतना अधिक था कि टीम तीन गेंदों में सिर्फ 1 रन बना पाई और 2 विकेट खोकर ओवर समाप्त कर दिया। हरियाणा को सिर्फ 2 रन चाहिए थे और उन्होंने पहली ही गेंद पर निशांत सिंधु के चौके से जीत हासिल कर ली। इससे पहले हरियाणा की बल्लेबाजी ने भी दर्शकों को खूब रोमांचित किया। टीम ने 9 विकेट पर 207 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। कप्तान अंकित कुमार ने 26 गेंदों पर 51 रन की तेजतर्रार पारी खेली, जबकि निशांत सिंधु ने 31 गेंदों पर 61 रन बनाकर टीम की पारी को मजबूत आधार दिया।

> ### महाराष्ट्र ने हैदराबाद को हराया
> कुलकर्णी और पृथ्वी शॉ की धमाकेदार जोड़ी कोलकाता में खेले गए अन्य मुकाबले में महाराष्ट्र ने हैदराबाद को आठ विकेट से हराकर बड़े अंतर से जीत दर्ज की। 192 रनों का पीछा करते हुए महाराष्ट्र के सलामी बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत की। अर्शिन कुलकर्णी ने 54 गेंदों में नाबाद 89 रन बनाए और 12 चौके तथा दो छक्के जड़े। दूसरी ओर कप्तान पृथ्वी शॉ पूरी लय में दिखे और 36 गेंदों पर 66 रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। दोनों ने 12.1 ओवर में 117 रनों की साझेदारी की, जिसने मैच को एकतरफा बना दिया।